भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 36 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 22 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## ब्यावर हाईवे पर बड़ा हादसा, तेजाब से भरा टैंकर के पलटने से मचा हड़कंप, तेजाब से झुलस गए एएसआई, एक की मौत







**भीलवाड़ा फोकस @ ब्यावर**

ब्यावर-पिंडवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। जालिया गांव स्थित जीरो नंबर पुलिया के समीप सल्फ्यूरिक तेजाब से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा निवासी चालक जिग्नेश लड़ात (22) पिता दिनेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई खलासी राजेश (19) पिता हरिशंकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

टैंकर पलटते ही उसमें भरा सल्फ्यूरिक तेजाब सड़क पर फैल गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल गई और लोगों की आंखों में जलन होने लगी। हाईवे पर आवागमन बाधित हो गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई ।

इसी दौरान जयपुर से जोधपुर जा रहे राजस्थान पुलिस के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) हेमंत पालावत ने भीड़ हटाने का प्रयास किया। इस दौरान वे तेजाब की चपेट में आ गए, जिससे उनका चेहरा, हाथ और पैर झुलस गए। उन्हें तत्काल ब्यावर के राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां करीब 30 प्रतिशत शरीर झुलसने की पुष्टि डॉक्टरों ने की है। डॉ. आलोक श्रीवास्तव ने बताया की झुलसे एएसआई और घायल खलासी का उपचार जारी है। दोनों को केमिकल बर्न के कारण विशेष निगरानी में रखा गया है।

फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर टैंकर को सीधा किया और तेजाब के रिसाव को नियंत्रित किया। एहतियातन ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे पर यातायात रोक दिया गया। बर (पाली) की ओर से आ रहे वाहनों को पुराने बाइपास से निकाला गया।

साकेत नगर थाने के एएसआई सुखराम ने बताया कि टैंकर गुजरात के मेहसाणा से पंजाब की ओर जा रहा था। दुर्घटना के कारण राहत कार्य में सावधानी बरतनी पड़ी। फिलहाल पुलिस ने चालक के शव को मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## अवैध खनन पर कार्रवाई बनी दिखावा, कार्रवाई के बाद और तेज़ हुआ खनन – खनिज विभाग पर उठे सवाल



फाइल फोटो

बिजोलिया - 2 जून को जब्त की गई पोकलेन मशीन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

फतहनगर मार्ग पर बीते 2 जून को हुई खनिज विभाग की कार्रवाई महज औपचारिक बनकर रह गई है। जिस स्थान पर खुद विभाग ने अवैध खनन की पुष्टि कर एक भारी भरकम पोकलेन मशीन जब्त की थी, वहां आज भी खुलेआम पत्थर निकाला जा रहा है। बीते डेढ़ माह में इस अवैध गतिविधि से सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि कार्रवाई के बाद भी खनन रोकने के लिए न तो उस स्थल की निगरानी की गई और न ही किसी स्थायी समाधान की पहल की गई। इससे स्थानीय लोगों में गहरा रोष है और विभाग की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं। 2 जून को खनिज विभाग और राजस्व टीम ने मौके पर दबिश देकर खुदाई स्थल से 130 मीटर क्षेत्र में करीब 5 मीटर गहराई तक ताज़ा खुदाई के प्रमाण पाए थे। किसी भी प्रकार की वैध लीज या अनुमति दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए थे। बावजूद इसके, न तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हुई और न ही अवैध खनन पर सख्ती हुई। स्थानीय सूत्रों की मानें तो उसके बाद से वहां बड़े पैमाने पर खनन कार्य फिर शुरू हो गया, और अब तक हजारों टन पत्थर निकाला जा चुका है। अनुमान है कि इससे राजकोष को भारी राजस्व हानि हुई है। लोगों का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम में खनिज विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में है। जब एक बार खुद विभाग ने उस भूमि को अवैध खनन क्षेत्र घोषित कर मशीन जब्त की थी, तो फिर इतनी बड़ी ढील क्यों दी गई? क्या यह मिलीभगत का नतीजा है? ऐसे में सरकार की ÷ज़ीरो टॉलरेंस÷ नीति पर भी प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि इस मामले में जांच कर अवैध खनन पर स्थायी रोक लगाई जाए।

## ब्लैकमेलिंग और रेप केस की धमकी से परेशान सैलून संचालक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में युवती और पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ झुंझुनूं**

रेप के झूठे केस में फंसाने और लाखों की मांग के दबाव से परेशान होकर झुंझुनूं में एक सैलून संचालक ने आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से मिला सुसाइड नोट पूरे घटनाक्रम को लेकर चौंकाने वाले खुलासे करता है। इसमें एक युवती, उसके परिजन और दो पुलिसकर्मियों पर ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस ने बताया है की मृतक की पहचान 49 वर्षीय यूनुस खां के रूप में हुई है, जो झुंझुनूं शहर में सैलून चलाता था। सोमवार सुबह अंगासर रोड ब्रिज के पास उसका शव मिला। शव की पैंट से 5 पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें यूनुस ने



युवती, उसकी मां, भाई, एक एसआई और एक कांस्टेबल को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

मृतक के बेटे नूरा अली ने बताया कि युवती उनके पिता के सैलून में काम करती थी। 12 जुलाई को अनुचित व्यवहार के चलते उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद युवती और उसके परिजन 15 लाख रुपये की मांग करने लगे और पैसे नहीं देने पर रेप का मामला दर्ज कराने की धमकी देने लगे।

सुसाइड नोट में लिखा है कि युवती कोतवाली में पदस्थ पुलिसकर्मियों की मदद से यूनुस को झूठे केस में फंसाने की कोशिश कर रही थी। यूनुस ने पूर्व में ही पुलिस को ज्ञापन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।


थानाधिकारी मांगीलाल ने बताया कि मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सुसाइड नोट को जांच का आधार बनाकर कार्रवाई की जा रही है। परिजनों ने मामले की सीआईडी या स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवाते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को जांच पूरी होने तक सस्पेंड करने की मांग की है।

## होटल के गार्डन में कोबरा और उसके 18 बच्चे मिलने से हड़कंप, स्नेक कैचर ने चलाया सफल रेस्क्यू ऑपरेशन

**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर**

शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में उस समय हड़कंप मच गया, जब गार्डन एरिया में एक कोबरा सांप और उसके 18 नवजात बच्चे एक साथ देखे गए। घटना तब हुई जब होटल स्टाफ ने बगीचे के एक कोने में पड़े पुराने कबाड़ को हटाते समय यह नजारा देखा। घबराए कर्मचारी तुरंत पीछे हटे और पूरे होटल परिसर में दहशत का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही स्नेक कैचर चमन सिंह चौहान और उनकी टीम मौके पर पहुचीं । उन्होंने सभी सांपो को



सावधानीपूर्वक पकड़ा और सुरक्षित रूप से पास के जंगल में छोड़ दिया।

चौहान ने बताया, ÷कोबरा सांप आमतौर पर एक बार में 12 से 20 अंडे देता है, जिनमें से अधिकांश बारिश के मौसम में फूटते हैं। यह समय सांपों की गतिविधियों के लिहाज़ से संवेदनशील होता है, क्योंकि बारिश और उमस के कारण वे अपने बिलों से बाहर निकलते हैं और सूखी तथा गर्म जगहों की तलाश में आ जाते हैं।

उन्होंने बताया कि कोबरा अत्यंत जहरीला होता है और जब वह अपने बच्चों के साथ हो, तो बहुत ज्यादा आक्रामक हो सकता है। गनीमत रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

## हाईकोर्ट आदेश की अवहेलना पर न्यायिक कर्मचारियों का विरोध, कामकाज ठप



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद कैडर पुनर्गठन लागू नहीं किए जाने पर राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के आह्वान पर मांडलगढ़ और बिजौलिया न्यायालयों के न्यायिक कर्मचारियों ने सोमवार को सामूहिक अवकाश लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रही है, जिससे न्यायिक कार्य में असंतुलन और कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। विरोध के चलते दोनों न्यायालयों में न्यायिक कार्य ठप रहा। संघ ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी रूप से सभी जगह किया जाएगा ।

## भोपतपुरा की चारागाह भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण से ग्रामीणों में रोष, हटाने की मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

तहसील क्षेत्र के बांका पटवार हल्का क्षेत्र के भोपतपुरा गांव की चारागाह भूमि पर वर्षों से जारी अतिक्रमण के खिलाफ अब ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंपते हुए अविलंब कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि चारागाह पर लंबे समय से अतिक्रमण किया जा रहा है। इसको लेकर पूर्व में जोधपुर हाईकोर्ट में रिट पिटीशन दायर की गई थी, जिस पर न्यायालय ने स्पष्ट रूप से अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए थे। इसके बावजूद अब तक मौके से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है।


ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में भी कई बार प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे अतिक्रमणकारी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब स्थिति यह है कि नए लोग भी चारागाह भूमि पर कब्जा करने लगे हैं, जिससे गांव के मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था संकट में आ गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि चारागाह भूमि को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराया जाए ।

ज्ञापन देने वालों में धनराज, हीरालाल, भंवरलाल, राधेश्याम, सुरेश, प्रभुलाल, कैलाश, जगदीश, हजारी, देवराज सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हरिशेवा धर्मशाला ने गौ सेवा में दिया 1.84 लाख का योगदान

### मनमोहन गौ सेवा ट्रस्ट को शेड निर्माण हेतु सामग्री भेंट



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हरिशेवा धर्मशाला ने गौसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल करते हुए मनमोहन गौ सेवा ट्रस्ट, जोरावरपुरा (कालीखेड़ा) को 1,84,805 की सेवा सामग्री भेंट की है। इस सामग्री से गौशाला में 52म94 फीट का बड़ा शेड बनाया जाएगा जिससे गौवंश को मौसम की मार से राहत मिल सके।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम की प्रेरणा से यह सहयोग प्रदान किया गया। धर्मशाला लंबे समय से घायल व बीमार गौवंश के उपचार व पोषण में सक्रिय है।

स्वामी हंसराम ने कहा - गौ सेवा केवल सेवा नहीं, यह सनातन संस्कृति का मूल भाव है। जब तक गौमाता सुरक्षित नहीं, तब तक संस्कृति सुरक्षित नहीं।

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने आभार जताते हुए कहा कि यह सहयोग हमारे लिए संरचना नहीं, संवेदना है जो हमारी सेवा को गति देगा।

# सावन के दूसरे सोमवार पर कदमा महादेव में उमड़ा आस्था का सैलाब

### प्रतापपुरा के दुर्लभ कदम वृक्ष से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



सावन के पावन महीने में भक्ति और आस्था की लहरें पूरे क्षेत्र में उमड़ पड़ी हैं। सोमवार को शाहपुरा से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित प्रतापपुरा गांव के कदमा महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शिव भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र व पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया।

इस पवित्र स्थल की विशेष पहचान वहां स्थित दुर्लभ कदम वृक्ष है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मान्यता है कि वृंदावन के बाद इतना प्राचीन और जीवित कदम का वृक्ष केवल यहीं पाया जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि इस वृक्ष के नीचे बैठने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मन को विशेष शांति मिलती है।

मंदिर प्रांगण दिनभर 'हर हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंजता रहा। पूजा-अर्चना के साथ-साथ भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें दूर-दराज़ से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मंदिर के पुजारी गोरु ने बताया कि सावन मास में प्रतिदिन विशेष शिव आराधना होती है, लेकिन सोमवार को विशेष आयोजन और भक्तों की भीड़ अधिक होती है।

यह स्थान न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यहां स्थित स्वामी संध्या पुरी महाराज की समाधि के दर्शनों से शारीरिक रोगों के निवारण की भी मान्यता जुड़ी है।

# हरियाली की अलख जगा रही श्रेया, रामनिवास धाम में किया वृक्षारोपण

### देशभर में 25 हजार सीड बॉल और 2100 पौधे बांटकर बनी पर्यावरण की युवा प्रेरणा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समर्पित श्रेया कुमावत, जिन्हें लोग ÷ग्रीन लिटिल बेबी÷ के नाम से जानते हैं, ने सोमवार को रामनिवास धाम परिसर में वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश दिया। उन्होंने औषधीय, छायादार और फलदार पौधे लगाकर स्थानीय लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

श्रेया ने 2025 तक के सफर में कई मिसालें कायम की हैं । इस दौरान अब तक 2100 से अधिक पौधों का रोपण , 1.25 लाख से अधिक लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना , 25000 पौधे स्वयं तैयार कर निःशुल्क वितरण , 12 राज्यों में 2000 कॉम्बो सीड पार्सल निःशुल्क वितरण एवं 25,000 सीड बॉल का आने वाले समय में वितरण शामिल है ।

श्रेया का मानना है कि, ÷प्रकृति से जुड़ाव केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा है। छोटे-छोटे प्रयास भी एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उनकी यह



हरित यात्रा आज की युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाने की दिशा में एक प्रेरक उदाहरण बन चुकी है।

# कोटड़ी थानाप्रभारी का 'साइकिल गश्त' अंदाज़ बना चर्चा का विषय, अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




( दिनेश पारीक ) - कोटड़ी क्षेत्र में अपराधों पर लगाम कसने और जनता के बीच भरोसा बढ़ाने के लिए कोटड़ी थानाप्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने गश्त का अनोखा तरीका अपनाया है। रविवार देर रात व सोमवार सुबह उन्होंने बिना वर्दी और बिना पूर्व सूचना के साइकिल पर क्षेत्र में गश्त कर सबको चौंका दिया। थानाप्रभारी मीणा कोटड़ी चौराहा, नया बस स्टैंड, पपलाज चौराहा, सदर बाजार, चारभुजा मंदिर सहित कई क्षेत्रों में पैदल और साइकिल से भ्रमण करते नजर आए। रास्ते में मिले दुकानदारों व राहगीरों से पूछताछ की गई और संदिग्धों के आधार कार्ड भी चेक किए गए। गश्त के दौरान उन्होंने पुलिस ड्यूटी चेक की और निर्देश दिए कि कोई भी पुलिसकर्मी वाहन में बैठकर समय न बिताए, बल्कि सरकारी वाहन को एक ओर खड़ा कर क्षेत्र में सक्रिय रूप से पैदल गश्त करें। थानाप्रभारी का यह तरीका न केवल संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में सहायक होगा, बल्कि इससे जनता में सुरक्षा का एहसास और पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत होगा।

### संदेश भी दिया - "सप्ताह में एक दिन साइकिल चलाएं"

साइकिल से गश्त करते हुए थानाप्रभारी ने आमजन को यह संदेश भी दिया कि सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग करें। इससे स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ ईंधन की बचत भी होती है और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है।



## QUICK BITES

## चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर दो साधु भिड़े, जाम से यात्री हुए परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़



चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दो साधु आपस में भिड़ गए। बहस के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया, जिसमें एक साधु घायल हो गया और सड़क पर लेट गया। घटना के कारण स्टेशन के बाहर लंबा जाम लग गया और यात्री काफी देर तक परेशान रहे। पुलिस के समझाने के बावजूद घायल साधु हॉस्पिटल जाने को तैयार नहीं हुआ। अंततः पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर उसे एंबुलेंस में बैठाकर अस्पताल भेजना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों साधु सुबह से स्टेशन के बाहर घूम रहे थे। झगड़े की असली वजह सामने नहीं आ सकी है। पुलिस ने हालात सामान्य कर यातायात बहाल किया है।

## स्कूल के कारण रुकी नाले की सफाई, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश मोटीस)**। घटियाली पंचायत के राजस्व गांव नाडी के माली मोहल्ले में बारिश के चलते जलभराव से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। घुटनों तक भरे पानी से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्कूल परिसर से होकर गुजरने वाले वर्षों पुराने नाले की सफाई स्कूल प्रशासन ने रुकवा दी। शाला प्रधान पार्वती देवी और उनके पति रमेश गुर्जर पर नाले की सफाई में बाधा डालने का आरोप है।

आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर 7 दिन में सफाई नहीं हुई तो वे बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे और सामूहिक रूप से टीसी लेंगे। ग्रामीण जल्द अधिकारियों को ज्ञापन देंगे।

शिकायत करने वालों में सोहनपाल गुर्जर, मनराज गुर्जर, मुकेश गुर्जर, ब्रह्मदेव मीणा, दुर्गालाल माली, देवालाल माली, भागचंद माली, भंवरलाल माली, राजूलाल मीणा, अजय मीणा, किशनलाल, भैरूसिंह सहित अनेक ग्रामीण शामिल हैं।

## श्रावण सोमवार पर शिवभक्ति में रंगा सावर, झरनेश्वर महादेव तक निकली पदयात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश मोटीस)**। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को कस्बा शिवभक्ति में डूबा रहा। खटीक समाज नवयुवक मंडल द्वारा खटीक मोहल्ला स्थित शिव मंदिर से झरनेश्वर महादेव मंदिर तक भव्य पदयात्रा निकाली गई।'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ सैकड़ों श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की गूंज में नाचते-गाते झरनेश्वर मंदिर पहुंचे। रास्ते में श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। झरनेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर सभी ने जलाभिषेक कर वर्षा, हरियाली और समृद्धि की कामना की।

# तिलस्वा महादेव मंदिर में पूर्व जिला प्रमुख धाकड़ ने परिवार संग किया अभिषेक, क्षेत्र की खुशहाली की कामना

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**(नरेश धाकड़)**। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल तिलस्वा महादेव मंदिर में सोमवार को भीलवाड़ा के पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ ने अपने परिवार सहित शिवलिंग पर जलाभिषेक कर देश और क्षेत्र की समृद्धि व सुख-शांति की प्रार्थना की।

अभिषेक के दौरान उनके साथ धाकड़ महासभा की महिला प्रदेशाध्यक्ष दीपशिखा धाकड़, अमेरिका से पधारे दामाद एवं भीलवाड़ा निवासी एडवोकेट राकेश वैष्णव भी उपस्थित रहे।

धार्मिक अनुष्ठान के इस मौके पर ऊपरमाल किसान पंचायत के अध्यक्ष नारायण लाल धाकड़, थड़ौदा सरपंच राजेश धाकड़, रणजीत कानावत, मुकेश कुमार खटीक, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, गणमान्यजन व कार्यकर्ता शामिल हुए। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश चंद्र अहीर, सचिव मांगीलाल धाकड़ सहित अन्य पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। पूरे मंदिर परिसर में श्रावण मास की पावन छटा और भक्ति का माहौल देखने को मिला।




# कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत, जयकारों से गूंजा मार्ग

## त्रिवेणी से रवाना हुई हरणी महादेव शिव मित्र मंडल की यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**(रमेश चंद्र डाड)**। त्रिवेणी धाम से हरणी महादेव शिव मित्र मंडल की कावड़ यात्रा सोमवार सुबह भक्ति भाव और उत्साह के साथ रवाना हुई। कावड़ यात्रा के दौरान ÷जय शिव भोले÷, ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से माहौल शिवमय हो गया।

सुबह त्रिवेणी धाम में आरती और प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। इसमें दुर्गेश सिंह, बबलू गाडरी, सचिन जाट, विनोद गाडरी, शंकर जाट, गोपाल गाडरी सहित कुल 20 श्रद्धालु कावड़ लेकर रवाना हुए।



यात्रा के मार्ग में कई स्थानों पर कावड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। बरूंदनी में भेरूलाल गाडरी, शिव प्रकाश भट्ट, भूपेन्द्र गद्दाणी, शंकर खटीक, शैतान मीणा, बाबूलाल प्रजापत, घनश्याम प्रजापत, कालूराम खटीक, लादू टेलर, प्रसाद राम हरिजन आदि ने दुपट्टा पहनाकर और माला भेंट कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।

# त्रिवेणी संगम से महुआ तक निकली कावड़ यात्रा, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा कस्बा

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

**(महावीर वैष्णव)** - सावन मास के दूसरे सोमवार को महुआ क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। त्रिवेणी संगम से अलसुबह शिवभक्तों ने पवित्र जल से कावड़ भरकर भगवान शिव की आराधना की और कंधों पर कावड़ लेकर यात्रा की शुरुआत की।

यह कावड़ यात्रा त्रिवेणी संगम से रवाना होकर बीड़ का खेड़ा, गोपालपुरा, मानपुरा, सारण का खेड़ा होते हुए महुआ कस्बे में पहुंची। जहां विभिन्न समाजों व श्रद्धालुओं द्वारा यात्रियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। गाजे-बाजे की मधुर धुनों और ÷हर हर महादेव÷, ÷बम बम भोले÷ के जयकारों के साथ शिवभक्त नाचते-गाते नजर आए।



इस धार्मिक यात्रा में पुरुषों और महिलाओं के साथ ही बालक-बालिकाएं भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सभी ने अपने कंधों पर कावड़ उठाई और कस्बे के प्रमुख शिवधामों - आसन महादेव व ऊवली नदी किनारे स्थित भगवान शिव मंदिर में पहुंचकर विधिवत जलाभिषेक किया।

# सावर पुलिस ने टॉप-10 में शामिल स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**(दिलखुश मोटीस)** अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सावर थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। सोमवार को पुलिस ने टॉप-10 सूची में शामिल शातिर स्थाई वारंटी हंसराज कीर को सालभर बाद गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी बनवारीलाल मीणा ने बताया कि आरोपी हंसराज पुत्र बरदाराम कीर, निवासी देवपुरा, थाना देवली (जिला टोंक), वर्ष 2013 के एक गंभीर आपराधिक मामले में लंबे समय से वांछित था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदल रहा था और पिछले एक वर्ष से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हंसराज को ट्रेस कर दबोच लिया।




# कीटनाशक छिड़कने के बाद युवक की तबीयत बिगड़ी, रास्ते में मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित चपरासी कॉलोनी में रविवार को एक 32 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक ने घर के गमलों में कीटनाशक का छिड़काव किया था।

थानाधिकारी शिवराज ने बताया कि मृतक किशन प्रजापत पिता महीपत जो पेशे से टाइल्स मिस्त्री था। इसने घर पर पौधों में कीटनाशक दवा डाली थी, इसके कुछ समय बाद वह बाइक से किसी कार्य से बाहर निकला। इस दौरान सुखाड़िया सर्कल के पास अचानक उसे चक्कर आने लगे जहाँ, वो बाइक रोककर गिर गया।

राहगीरों ने तत्काल उसे महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्राथमिकताओं पर हो कामः कृष्ण कुणाल

## शिक्षा योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

**डॉ. चेतन ठठेरा**

शिक्षा विभाग की प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु सोमवार को शिक्षा संकुल, जयपुर में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल ने की। बैठक में पीएम श्री स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), समग्र शिक्षा, एफएलएन, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, यूनिसेफ और वाधवानी फाउंडेशन के सहयोग से चल रही पहलों की समीक्षा की गई।

कृष्ण कुणाल ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों को भविष्य के कॅरिअर के लिए तैयार करने, और कार्यों में तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए।



उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्यापकों की नियुक्ति, बच्चों की प्रगति की नियमित समीक्षा और ‹द्व आधारित मूल्यांकन, शिक्षक ऐप व ‹क्व किट जैसे नवाचारों पर भी चर्चा की।

SIERT को आगामी सत्र के लिए पाठ्यपुस्तक व वर्कबुक एकसाथ प्रकाशित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, शिविरा पंचांग के अनुसार मूल्यांकन योजना और संस्कृत शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी विचार किया गया। कुणाल ने मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की चुनौतियों पर गंभीरता से कार्य करने और स्टेट वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

# आकोला में त्रिवेणी संगम से आई कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक ।** कस्बे में सोमवार को त्रिवेणी संगम बीगोद से रूद्र महादेव मंदिर ( दर्जी मोहल्ला तक भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने शाम को भगवान रूद्र महादेव का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया।

कावड़ यात्रा संघ के सदस्यों हरिलाल जाट और नारायण साहू ने बताया कि यात्रा सुबह 11¬15 बजे त्रिवेणी संगम से शुरू हुई। कांवड़िए पवित्र जल लेकर बीगोद, बोहरी माता चौराहा, सोपुरिया, कुंडी, सवाईपुर चौराहा व खजीना होते हुए शाम 6¬15 बजे आकोला पहुंचे।



पंडित ओम राजस्थला ने वैदिक मंत्रों के साथ जलाभिषेक सम्पन्न करवाया। यात्रा में राहुल सेन, भैरू प्रजापत, किशन जाट, रामकुमार जाट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ग्रामीणों ने जगह-जगह कांवड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया और अल्पाहार व पेयजल की व्यवस्था की। गर्मी को देखते हुए रास्ते में टैंकर से जल छिड़काव भी करवाया गया, जिससे श्रद्धालुओं को राहत मिली।

# श्रावण सोमवार पर सेन सेवा संस्थान का सेवा कार्य : हरणी महादेव में 151 किलो साबूदाना खिचड़ी का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्रावण मास के सोमवार को सेन सेवा संस्थान, भीलवाड़ा ने हरणी महादेव मंदिर परिसर में भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया। संस्था द्वारा 151 किलो साबूदाना खिचड़ी तैयार कर करीब 2000 श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस आयोजन में सोनू सेन (गोरदा), शिवराज सेन (धनेत), बजरंग सेन (गणगौर लाइब्रेरी), सुनील सेन (माल का खेड़ा), दीपक सेन (सगरेव), सोनू सेन (कावांखेड़ा) सहित कई सदस्य सक्रिय रहे।

सेन क्षौरकार भीलवाड़ा अध्यक्ष गोविंद सेन ने भी सेवा में भागीदारी निभाई। भक्ति और सेवा के इस संगम में हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।



# मांडलगढ़ नगर पालिका की साधारण सभा बैठक सम्पन्न

## शहर के विकास, सौंदर्यीकरण और ऐतिहासिक महत्व पर हुआ मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

नगर पालिका मांडलगढ़ की साधारण सभा की बैठक नगरपालिका सभागार में आयोजित हुई, जिसमें विकास कार्यों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष संजय डांगी ने की तथा मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे । जिन्हें नगर की प्राथमिकताओं से अवगत कराया गया।बैठक में शहर के सौंदर्यीकरण, विकास निर्माण कार्यों, भूमि आवंटन, सरकारी कार्यालयों से संबंधित प्रकरणों, कर्मियों की प्रोन्नति एवं स्थायीकरण, ऑडिट व स्वीकृति मामलों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान जालेश्वर तालाब में नौकायन शुरू करने, अहिंसा सर्किल से बाईपास रोड को जोड़ने के लिए निजी आराजियात की स्थिति, दुर्ग पर राणा सांगा की मूर्ति तथा दशहरा मैदान में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना पर चर्चा की गई।



पार्षद अनीता सुराणा ने गुप्तेश्वर महादेव लिंक रोड निर्माण, नई आबादी से होंडा बाड़ी तक सीसी सड़क, वार्ड 3 में सीसी सड़क, तथा बीज गोदाम में सामुदायिक भवन निर्माण जैसे प्रस्ताव बैठक में रखे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जफर टांक, पार्षदगण अशोक जाट, परमेश्वर लाल मीणा, दीपक नायक, सुमन ओस्तवाल, नीलकमल पटवा, अरुण व्यास, लादू खटीक, ईश्वर चांवरिया, नजमा बानो, रफीक टांक, अधिशासी अधिकारी तेज भान सिंह, कनिष्ठ अधिकारी सुरेश गर्ग, कुंदनलाल मीणा सहित पालिका स्टाफ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### 28 जुलाई को जोगणियां माता शक्तिपीठ पर होगा सवालाख शिवलिंगों का अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू



श्रावण मास में श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ पर प्रतिदिन सात शिवालयों में नमक-चमक रुद्राभिषेक हो रहा है। वेद विद्यालय के बटुकों व वेदाचार्यों द्वारा श्री महाकालेश्वर, जोगेश्वर, बड़लेश्वर, गौमुखेश्वर, हजारेश्वर, वेदेश्वर व उंडेश्वर महादेव का अभिषेक व यज्ञ किया जा रहा है। हर सोमवार को महाकालेश्वर महादेव का सहस्त्रधारा अभिषेक किया जा रहा है। मंदिर संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया की 28 जुलाई को तृतीय सोमवार के अवसर पर सवालाख पार्थिव शिवलिंगों का महाअभिषेक, दुर्गासप्तशती पाठात्मक हवन और रुद्र हवन किया जाएगा।

### श्रावण मास में नगर निगम का विशेष आयोजन जारी , वार्ड 10 व 11 के मंदिरों में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नगर निगम द्वारा श्रावण मास के अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में सहस्त्रधारा अभिषेक के तहत ग्यारहवें दिन वार्ड 10 स्थित ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर और वार्ड 11 के बाल हनुमान मंदिर में कार्यक्रम हुआ। पार्षद महेंद्र घबरानी और इंदु टाक की उपस्थिति में अभिषेक संपन्न कराया गया। पंडित योगेन्द्र शर्मा के निर्देशन में धार्मिक अनुष्ठान हुआ। इस दौरान कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तहत आज सुबह 8 बजे सी सेक्टर पार्क (वार्ड 14) और 11 बजे आजाद नगर (वार्ड 15) स्थित शिव मंदिर में सहस्त्रधारा अभिषेक होगा।

### ग्यारस सोमवार को नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भक्ति की बहार

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



श्री नर्मदेश्वर देवरी महादेव मंदिर में श्रावण मास के ग्यारस सोमवार को महिला मंडल द्वारा सामूहिक भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। गांव की अनेक महिलाओं ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भक्ति रस में लीन होकर भोलेनाथ की आराधना की। सामूहिक भजन-कीर्तन से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। आयोजन को सफल बनाने में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर आयोजक कमेटी के सदस्य दीपक सोनी, जगदीश धाकड़, डॉ. नानालाल धाकड़, पुजारी दीप यादव, महावीर कोली, कुंदन सोनी, आयुष शर्मा, रवि सोनी, विनोद सोनी, ब्रह्मानंद वैष्णव, नवीन टेलर, अजय कोली, नंदन सोनी, कैलाश कोली सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890